# दिल्ली में भर्ती होंगे 10 हजार नए होमगार्ड

## उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने दी मंजूरी, सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को प्राथमिकता देने के निर्देश

● चयन प्रक्रिया मार्च, 2024 तक पूरी की जाएगी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में दस हजार नए होमगार्डों की भर्ती होगी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसकी मंजूरी दे दी है। उन्होंने चयन प्रक्रिया में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

साथ ही तय समय सीमा को घटा कर त्वरित तौर पर भर्ती प्रक्रिया मार्च 2024 तक पूरी करने को कहा है। चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों वाले 15 बोर्ड उम्मीदवारों के शारीरिक माप और दक्षता परीक्षण का मूल्यांकन करेंगे। एक बार भर्ती होने के बाद, इन होम गार्ड वॉलेंटियर्स को लगभग 25,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में 10,285 नए होम गार्ड वॉलेंटियर्स की भर्ती की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया की समय सीमा को जून 2024 से घटाकर मार्च 2024 करने, चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, पूर्व-सीडीवी को 10 बोनस अंक प्रदान करने, शारीरिक परीक्षण प्रक्रिया को अधिक स्थानों और अधिक टीमों की निगरानी में त्वरित तौर पर करवा कर संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया को तेज गति से पूरा करने का निर्देश दिए।

एलजी ने यह भी कहा कि होम गार्ड में भर्ती के लिए आयु सीमा को अन्य राज्यों में अधिकतम आयु सीमा के अनुरूप, मौजूदा 60 वर्ष से घटाकर 45 वर्ष किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भर्ती कर्मी नियमित पुलिस बल के सहायक बल के अनूरूप हों। दिल्ली पुलिस में कांस्टेबलों की नियुक्ति के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता के अनुरूप भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता भी दसवीं कक्षा से बढ़ाकर बारहवीं कक्षा कर दी गई है। सीडीवी को अवसर प्रदान करने के लिए एक विशेष उपाय के रूप में, एलजी ने निर्देश दिया है कि प्राथमिकता के आधार पर चयन के उद्देश्य से उन्हें 10 अंक अतिरिक्त प्रदान किए जाएं। जिला प्रशासन, दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के एक-एक वरिष्ठ अधिकारियों की 15 टीमें 10 स्थानों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता का आकलन करने के लिए बोर्ड के रूप में काम करेंगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि चयन और स्क्रीनिंग प्रक्रिया तेजी से पूरी हो। पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इस पूरी प्रक्रया की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वीडियोग्राफी की जाएगी। एक बार जब उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा पास कर लेंगे, तो वे कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा (सीबीटी) के लिए पात्र हो जाएंगे। इस संबंध में जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। शारीरिक माप और दक्षता परीक्षण फरवरी, 2024 के पहले सप्ताह में शुरू होगा। पीएमईटी के बाद सीबीटी पूरा किया जाएगा और अंतिम परिणाम मार्च, 2024 तक जारी किए जाएंगे।

# दिल्ली नगर निगम अपने कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन में करेगा बढ़ोतरी

● अधिकारी ने कहा, एक अप्रैल से सभी को महंगाई भत्ते का किया जाएगा भुगतान



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन बढ़ाने का फैसला किया है। एमसीडी के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि एमसीडी के अकुशल श्रमिकों के लिए मासिक न्यूनतम वेतन 16,792 रुपए से बढ़कर 17,234 रुपये हो जाएगा। अर्द्ध-कुशल श्रमिकों के लिए वेतन 18,499 रुपए से बढ़कर 18,993 रुपए तथा कुशल श्रमिकों के लिए 20,375 रुपए से बढ़कर 20,903 रुपए हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि एक अप्रैल से सभी एमसीडी कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का भुगतान किया जाएगा। आम आदमी पार्टी ने एक अप्रैल से सभी एमसीडी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की घोषणा की थी। न्यूनतम वेतन बढ़ाने पर सरकार का प्रस्ताव एमसीडी के सदन की अगली बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। एमसीडी के अधिकारी ने कहा कि निगम कर्मचारियों के लिए संचित महंगाई भत्ता सदन से मंजूरी मिलने के बाद जारी किया जाएगा। एमसीडी सदन के बैठक के एजेंडे के अनुसार, लिपिक और पर्यवेक्षी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन में भी वृद्धि की जाएगी। प्रस्ताव के मुताबिक, गैर-मैट्रिक पास कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन बढ़कर 18,993 रुपये, मैट्रिक पास लेकिन स्नातक नहीं होने पर 20,902 रुपये तथा स्नातक और इससे ऊपर के कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन 22,744 रुपए हो जाएगा।

# जापान के साथ फ्रेंडशिप एक्सचेंज समझौता 3 साल बढ़ा

## मुख्यमंत्री केजरीवाल और फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट के वाइस गवर्नर आकिए ओमागारी ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर

● समझौते के तहत पर्यावरण, संस्कृति, पर्यटन, धरोहर, शिक्षा और युवाओं का आदान-प्रदान व सहयोग जारी रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने जापान के साथ फ्रेंडशिप एक्सचेंज एग्रीमेंट तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। 5 मार्च 2007 को दोनों के बीच पहली बार एक एमओयू हस्ताक्षर किए गए थे और अभी भी जारी है। 15वीं वर्षगांठ समारोह के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और फुकुओका प्रान्त की वाइस गवर्नर आकिए ओमागारी के बीच ट्विनिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए।

यह समझौता अब तीन साल यानि 31 मार्च 2026 के लिए बढ़ा दिया गया है। पिछले डेढ़ दशक में दोनों शहरों के बीच आर्ट एंड कल्चरल, पर्यावरण प्रौद्योगिकी, स्टूडेंट एंड यूथ एक्सचेंज के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों का आदान-प्रदान किया गया है। समझौते में पर्यावरण के क्षेत्र में और संभावनाएं तलाशने की भी परिकल्पना की गई है। पर्यावरण आज एक प्रमुख मुद्दा है। इस समझौते के परिणाम स्वरूप स्कूली छात्रों के साथ-साथ सांस्कृतिक समूहों का आदान-प्रदान भी होने की संभावना है।



जापान के फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट का 35 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सचिवालय पहुंचा

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने सोमवार को जापान के फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट का 35 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल दिल्ली सचिवालय पहुंचा। यह डेलीगेशन फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट की वाइस गवर्नर आकिए ओमगारी के नेतृत्व में यहां आया था। डेलीगेशन में फुकुओका प्रीफेक्चरल असेंबली के वाइस चेयरपर्सन माकोतो सासाकि समेत अन्य सदस्य शामिल थे। यह डेलीगेशन दिल्ली सरकार और फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट (एफपीजी) के बीच ट्विनिंग समझौते की 15वीं वर्षगांठ मनाने के लिए दिल्ली आया है। फुकुओका प्रीफेक्चरल गर्वनमेंट और दिल्ली सरकार के बीच सहयोग के जिन क्षेत्रों पर परस्पर बल दिया गया है, उसमें प्रमुख रूप से पर्यावरण, संस्कृति, पर्यटन, हेरिटेज, शिक्षा और यूथ एक्सचेंज शामिल है।

इस दौरान फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट की वाइस गवर्नर आकिए ओमागारी ने इस अहम मुलाकात और फ्रेंडशिप क्सचेंज एग्रीमेंट को तीन साल के लिए आगे बढ़ाने पर सीएम अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में इस एग्रीमेंट में कल्चरल और टूरिज्म को भी शामिल कर लिया गया था। इस साल दिसंबर में दिल्ली से आर्ट एंड कल्चर का एक डेलीगेशन फुकुओका आ रहा है और वह इस डेलिगेशन का स्वागत करने के लिए बेहद उत्सुक हैं। इससे पहले पर्यावरण के क्षेत्र के 14 विशेषज्ञ गए थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण एक गंभीर समस्या है। इससे निपटने के लिए सभी को मिलकर समाधान निकालना होगा। अगर हम साथ मिलकर डीकार्बोनाइजेशन और पर्यावरण में सुधार के लिए कुछ कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। 15 साल पहले हम लोग भी पर्यावरण की समस्या से जूझ रहे थे। इस संबंध में हम अपने मौजूद ज्ञान का आदान-प्रदान कर सहयोग कर सकते हैं और इसके लिए वह काफी उत्सुक भी हूं।

केजरीवाल ने कहा कि यह केवल दो शहरों के बीच एक समझौता भर नहीं है, बल्कि दोनों ही आध्यात्मिक और सांस्कृतिक तौर पर आपस में मजबूती से जुड़े भी हैं। इसलिए हमारा संबंध समय के साथ और मजबूत ही हुआ है। भारतीय संस्कृति के बौद्ध धर्म ने जापान के लोगों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इस वजह से जापान के लोग भारत और खासतौर से दिल्ली के लोगों के काफी करीब आए हैं। सीएम ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में फ्रेंडशिप एग्रीमेंट ने दोनों शहरों को आपसी सहयोग और आदान-प्रदान के जरिए करीब लाने का काम किया है। खासतौर से पर्यावरण, कला व संस्कृति, पुरातत्व के साथ-साथ हाल ही में शिक्षा के क्षेत्र में इससे लाभ हुए है।

## राघव चड्ढा ने मानहानि शिकायत में समन को हाईकोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** आप नेता राघव चड्ढा ने दिल्ली भाजपा के नेता छैल बिहारी गोस्वामी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि शिकायत में निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को चुनौती देते हुए सोमवार को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

जैसे ही मामला न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष आया, चड्ढा के वकील ने कहा कि वे मामले में कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करना चाहते हैं और उन्होंने कुछ समय मांगा। इस पर अदालत ने इस मामले को 11 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। एक मजिस्ट्रेट अदालत ने पहले मानहानि की शिकायत में सत्येंद्र जैन और राघव चड्ढा को समन जारी किया था।


उगते सूर्य को अर्घ्य देती महिला श्रद्धालु। फोटो: रंजन डिमरी

# दो दिन मामूली गिरावट के बाद फिर बढ़ने लगा प्रदूषण

● पंजाबी बाग, वजीरपुर, जहांगीरपुरी और बवाना में चार सौ के पार एक्यूआई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पिछले कुछ दिनों में मामूली गिरावट के बाद दिल्ली में फिर बढ़ने लगा प्रदूषण का स्तर। रविवार की तुलना में सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक में 54 अंकों की वृद्धि हो गई। वजीरपुर, पंजाबी बाग, जहांगीरपुरी और बवाना ऐसे इलाके भी ऐसे जहां एक्यूआइ 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। अगले तीन दिनों तक कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का एक्यूआइ 355 रहा। इस स्तर की हवा को बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले शनिवार को यह 301 रहा था।

चौबीस घंटे के भीतर इसमें 54 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। चिंता की बात यह है कि दिली के चार इलाके ऐसे भी हैं, जहां पर प्रदूषण स्तर एक बार फिर से गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। दिल्ली -एनसीआर की हवा में सोमवार शाम चार बजे प्रदूषक कण पीएम 10 का औसत स्तर 294 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 167 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। इसका मतलब है कि दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषक कणों की मात्रा लगभग तीन गुना ज्यादा है। दिल्ली में 13 हाट स्पाट हैं, जहां सबसे ज्यादा प्रदूषण रहता है। इन्हें चिन्हित किए हुए कई साल हो गए हैं। हर साल ही यहां प्रदूषण की रोकथाम के विशेष प्रयास करने का दावा भी किया जाता है। लेकिन यहां पर प्रदूषण का स्तर अभी भी अन्य जगहों की तुलना में ज्यादा है।

# सिपाही के परिजनों को एक करोड़ देने के निर्देश

● उच्च अदालत ने चार सप्ताह में अनुग्रह राशि जारी करने को कहा, कोविड-19 के कर्त्तव्य पालन के दौरान हुई थी मौत




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को शहर सरकार को उस पुलिस कांस्टेबल के परिवार को चार सप्ताह के भीतर एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि जारी करने का निर्देश दिया जिसकी 2020 में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए कोविड-19 की चपेट में आने के बाद मृत्यु हो गई थी।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा तीन नवंबर को पारित एक आदेश के तहत मृतक कांस्टेबल अमित कुमार की पत्नी और पिता को मुआवजा दिया जाना मंजूर किया गया था। अदालत ने आदेश दिया, आदेश के अनुसार राशि चार सप्ताह में जारी की जाएगी। आदेश में मंत्रिमंडल के 13 मई 2020 के फैसले के अनुरूप सरकार ने कांस्टेबल की पत्नी और पिता के लिए क्रमश: 60 लाख और 40 लाख रुपए जारी करने को मंजूरी दी थी। दिल्ली सरकार की तरफ से पेश हुए वकील अरुण पंवार ने कहा कि अधिकारी निर्देश का पालन करेंगे। उच्च न्यायालय कुमार की पत्नी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में कहा गया था कि उनके पति की पांच मई, 2020 को मृत्यु हो गई थी। उस वक्त वह गर्भवती थीं। दिल्ली पुलिस के एक युवा कांस्टेबल कुमार को कोविड-19 लॉकडाउन उपायों का पालन सुनिश्चित करने के लिए दीप चंद बंधु अस्पताल में तैनात किया गया था।

दिसंबर 2022 में, उच्च न्यायालय ने अधिकारियों से कांस्टेबल के परिवार को एक करोड़ रुपये के मुआवजे के भुगतान पर निर्णय लेने के लिए कहा था।

## दिल्ली पुलिस के बेड़े में शामिल हुए पांच नए घोड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अपनी घुड़सवार इकाई के लिए पांच नए घोड़े खरीदे हैं, जिसके बाद इकाई में घोड़ों की संख्या 18 हो गई है। इन घोड़ों की उम्र पांच से छह वर्ष के बीच है और इन्हें भारतीय सेना से खरीदा गया है। इन घोड़ों को उत्तरी दिल्ली में ओल्ड पुलिस लाइन में स्थित इकाई में रखा गया है।

दिल्ली पुलिस इन घोड़ों का उपयोग वार्षिक खेल सम्मेलनों, अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) से संबंधित ड्यूटी और स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस परेड जैसे समारोह के लिए करेगी। इन घोड़ों को उत्तराखंड के हेमपुर और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित सेना के प्रजनन केंद्रों से खरीदा गया है।

# सरकार की अधिसूचना से संपत्ति पंजीकरण रुका : वीरेंद्र सचदेवा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि संपत्ति खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय की चिंता का दुरुपयोग करते हुए दिल्ली सरकार एक रेरा अधिसूचना लाई है जिसके बाद दिल्ली में आज से संपति पंजीकरण रूक गया है।

केजरीवाल सरकार का रेरा नोटिफिकेशन कहता है कि 50 मीटर तक के प्लॉट पर केवल 3 आवासीय इकाइयों की अनुमति होगी यानी 50 मीटर के प्लॉट पर केवल 3 मंजिल का निर्माण या बिक्री की जा सकती है, जबकि दिल्ली में 50 मीटर तक के छोटे प्लॉटों की भरमार है जिनमें 4 से 5 आवास इकाइयाँ हैं। इसी तरह आदेश में कहा गया है कि 50 से 250 मीटर के भूखंडों पर केवल 4 आवास इकाइयों की अनुमति दी जाएगी, जबकि 6 से 8 आवास इकाइयों के साथ 100 मीटर से 250 मीटर तक की संपत्तियों से भरी हुई है।

सचदेवा ने कहा कि यह जानकर हैरानी होती है कि एक ऐसे शहर में जहां एक आम मध्यम वर्ग का आदमी 50 मीटर से 250 मीटर के फ्लैट का विकल्प चुनता है, केजरीवाल सरकार की रेरा अधिसूचना इन आवासों को प्रतिबंधित करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### गोमाता की रक्षा धर्म रक्षा : शंकराचार्य



**नई दिल्ली।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गोमाता की रक्षा धर्म रक्षा है और गोमाता की हत्या धर्म हत्या है। जगतगुरु शंकराचार्य सोमवार को रामलीला मैदान में आयोजित गोमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आंदोलन महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गाय कोई सामान्य प्राणी नहीं है। हमारे वेदों ने प्राचीनकाल से ही बताया गया है कि गाय विश्व की माता है। इसलिए गोमाता के लिए वही सम्मान मांग रहे हैं जो पूर्वजों ने प्रदान किया है। भारतीय गो क्रांति मंच के संस्थापक और महासम्मेलन के आयोजक गोपालमणि महाराज ने बताया कि अन्य तीन पीठों के शंकराचार्य ने वीडियो संदेश भेजकर इस आंदोलन को अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया है।

### उत्तरांचल भ्रात्रि सेवा संस्थान का वार्षिक महोत्सव



**नई दिल्ली।** उत्तरांचल भ्रात्रि सेवा संस्थान का छठवां वार्षिक महोत्सव प्यारेलाल भवन में धूम धाम संपन्न हुआ कार्यक्रम में उत्तरांचल भ्रात्रि सेवा संस्थान के बुराड़ी, विनोद नगर, हरदेव पुरी मौजपुर, मोहन गार्डेन नजफगढ़, इंद्रा पुरम वैशाली, गेवाड़ घाटी मासी एवं खजूरी खास सहित सभी सातों शाखाओं के सेवा मित्रों का सहयोग रहा। संस्थान प्रमुख हरदा उत्तरांचलि जी ने अपने संबोधन में उत्तराखंड के सभी जनसेवकों की दिल्ली एनसीआर में उत्तराखंड समाज की दुर्दशा के लिए कड़ी आलोचना की और उत्तराखंड महापंचायत से 60 मंडल अध्यक्षों के साथ-साथ महापंचायत के कार्यकारणी की भी घोषणा की। जल्दी ही इन मंडल अध्यक्षों एवं महापंचयत कार्यकारणी की एक मीटिंग करके उत्तराखंड महापंचायत की कार्य शैली एवं उद्देश्यों की घोषणा की जायेगी। कार्यक्रम के समापन में संस्थान के अध्यक्ष कुंदन सिंह रावत ने कार्यक्रम में आये सभी आतिथियों एवं मित्रों का धन्यवाद किया।

# महिला स्वयं सहायता समूहों ने लिखी सफलता की इबारत

## प्रगति मैदान के व्यापार मेले में हरियाणा की ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए उत्पाद हो रहे लोकप्रिय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा मंडप में लगे देव वीमेन सेल्फ ग्रुप का स्टॉल दर्शकों का खासा आकर्षित कर रहा है।

इतना ही नहीं दर्शकों को ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद भी बहुत पसंद आ रहे हैं। हरियाणा मंडप में गुरुग्राम के एक छोटे से गांव ढाणी चित्रसेन की नीलम यादव अपने समूह के उत्पादों को आम जनता में और लोकप्रिय बना रही हैं ताकि उनके समूह की आय में वृद्धि हो। नीलम ने स्टॉल के उत्पाद की गुणवत्ता के साथ महिलाओं के समूह-'देव वीमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप' के बारे में बहुत खुशी से


प्रगति मैदान में हरियाणा मंडप में देव वीमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप के स्टॉल का दृश्य।

जानकारी देते हुए कहती हैं कि इन महिलाओं ने आर्थिक रूप से असहाय होने के भ्रम को तोड़ दिया है।

ट्रेड फेयर अथॉरिटी ऑफ हरियाणा ( टीएफएएच) की प्रशासक सोफिया दाहिया ने बताया कि इस समूह ने हरियाणा सरकार की विभिन्न योजनाओ का लाभ उठा कर अपनी आय के स्रोत को बढ़ाया है। इस समूह ने खुद की जिंदगी बदलने के साथ-साथ आस पास के 8 गांवों की महिलाओं की तकदीर बदलने का काम किया है। इस समूह ने आजीविका मिशन की मदद से इन गांवों में करीब 800 से 900 महिलाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद की है।

नीलम ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र शिकोहपुर (जिला गुरुग्राम) के प्रोजेक्ट के अंतर्गत महिलाओं को 21 दिन का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे आचार, मुरब्बे, लड्डू, पापड़, नमकीन आदि बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही इनको बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीनों को भी महिलाओं को सरकार द्वारा मुफ्त में उपलब्ध करवाया गया। नीलम ने बताया कि तब मैने अपना खुद का काम करने का निश्चय किया। कैमिकल रहित आचार, आवला कैंडी, मोटा अनाज से बने उत्पाद वाले व्यापार में शामिल किया। जिससे उनकी आय दो से तीन हजार से बढ़कर 30 से 35 हजार रुपये तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि आज उनका खुद का किचन गार्डन है जिसमें वो जैविक खेती करती है। जिसके चलते नीलम आज समाज और सरकार दोनों से पुरस्कृत हुई हैं।

वर्ष 2022 में उन्हें 'बेस्ट सेल्फ हेल्प ग्रुप' के रूप में सम्मानित किया गया। 2021 में उन्हें 'सफल उद्यमी अवार्ड' से भी नवाजा गया। इसी महीने के 11 नवम्बर को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने उनको 'नई सोच, नई कहानी' कार्यक्रम में भी आमंत्रित किया था।

उत्तराखंड सुरंग दुर्घटना

## श्रमिकों की सलामती के लिए किया हवन

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी दर्शन के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में एक सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों की सलामती और सकुशल वापसी को लेकर सोमवार को कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में हवन किया।

गोयल ने कहा, फंसे हुए 41 श्रमिकों की सलामती और उनकी सकुशल वापसी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। गोयल अन्य लोगों से भी उनके लिए प्रार्थना करने की अपील कर रहे हैं क्योंकि वे आम लोग हैं। उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और इसके लिए नवीनतम उपकरण तैनात किए गए हैं। उत्तरकाशी में 12 नवंबर की सुबह सुरंग का कुछ हिस्सा ढह जाने के बाद 41 श्रमिक फंस गए थे।

